राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**prrajbhavan@gmail.com**
मो॰–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'बिहार–दिवस' के सुअवसर पर बिहारवासियों को बधाई दी

पटना, 21 मार्च 2018

बिहार के राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने 'बिहार–दिवस' के सुअवसर पर सभी बिहारवासियों और प्रवासी बिहारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल श्री मलिक ने अपने शुभकामना–संदेश में कहा है कि बिहार शिक्षा, शांति, समता, सुसंस्कृति, तपस्या, अहिंसा और समरसता की पावन भूमि है। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, दार्शनिक, शैक्षिक आदि विभिन्न दृष्टियों से सुसम्पन्न बिहार राज्य निरन्तर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।

राज्यपाल ने बिहार के सर्वतोन्मुखी विकास और नव–निर्माण हेतु संकल्पित होकर सामूहिक प्रयास करने का अनुरोध किया है, ताकि भारतवर्ष भी सशक्त और समृद्ध बन सके।

....